तापमान

अधिकतम 21.8 डिग्री
न्यूनतम 6.5 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, बुधवार 20 दिसम्बर 2023



10 आज सब्जी मंडी में पूर्ण हड़ताल खुदरा दुकानदार भी होंगे शामिल





12 विकसित भारत संकल्प यात्रा हर घर सरकारी योजनाएं पहुंचाने की प्रधानमंत्री की बड़ी पहल





यतो धर्मस्ततो जय:

# ViJAY INTERNATIONAL SCHOOL

SH-24, SATNALI ROAD, BALANA, MAHENDERGARH (HR)

Dream Believe Achieve - Together

*Learning children are great imitators. so give them something great to imitate...*

## ADMISSION OPEN 2024-25

PLAYGROUP - CLASS 10+2
SCIENCE | COMMERCE | HUMANITIES




## We'Are Hiring

Dedicated and Experienced staff for our School Campus

**ADMIN :** Principal, Co-Ordinator-(Pre Primary, Middle, Secondary & Sr. Secondary)

**SUBJECT EXPERT :** Physics, Chemistry, Maths, Biology & Reasoning

**PGT's :** Hindi, English, Physics, Chemistry, Maths, Biology, Accountancy, Business Studies, Economics, History, Geography, Political Science, Psychology, Physical Education & Computer Science

**TGT's :** Hindi, Sanskrit, English, Maths, Science, Social Studies, Computer Science & Reasoning

**PRT's :** All Subjects & Mother Teachers

**OTHER's :** DPEs, Coaches, Music, Dance, Drama, Art-n-craft, Lab Attendant, Librarian, Spoken English Teacher & Activity Teacher

**NON TEACHING :** Front Desk Executive, Accountant, Clerks, Transport Incharge Hostel Warden (Boys & Girls), Peon, Mali, Cook, Security Gaurd, Driver & Conductors

**RECEPTIONIST:** Preferably MBA (HR) (With Excellent Communication Skills & Knowledge of Computer.)

## Walk In Interview

24th December, 2023 (On Sunday)

Time : 10:00 am to 12:30 pm

Venue at School Campus

- Salary No Bar for Deserving Candidates
- Qualification as per CBSE Norms

## Special Facilities for Staff

- Health Insurance
- E-Salary
- Monthly Training
- Performance Rewards
- Seminars for Upgradation
- EPF
- ESI
- Life Insurance

Announces

## SCHOLARSHIP CUM ADMISSION TEST

4th February, 2024 (SUNDAY)

10:00 am to 12:30 pm

Benefits for Study with Us

Residential School & VIS Classes

IIT/JEE, NEET, KVPY, NDA, CLAT CS, OLYMPIAD, CA FOUNDATION & FOUNDATION, PRE-FOUNDATION

Kota & Sikar Based Facilities and Faculty

Fully AC Hostel
For Boys & Girls



9053008081, 9053008082
vijayinternationalschools@gmail.com
vijayinternationalschool.com

CHAIRMAN
VIJAY YADAV (TUMNA)
9053008080

## खबर संक्षेप

### मारपीट और धमकी के आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने मारपीट और धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान रप 1 नवंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने रामपुरा निवासी राहुल मीणा व नरेश यादव को गिरफ्तार किया है। बाद में आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### बाइक चोरी के मामलों में आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस ने बाइक चोरी की कई वारदातों में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मॉडल टाउन थाने में दर्ज बाइक चोरी के तीन मामलों में पुलिस ने राजस्थान के सिकरी निवासी अशरफ को गिरफ्तार किया है। आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के दौरान उससे बाइक चोरी की कई वारदातों का खुलासा होने की उम्मीद है।

### ऑर्म्स एक्ट के मामले में आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। थाना सदर पुलिस ने वर्ष 2020 में दर्ज धोखाधड़ी व आर्म्स एक्ट के तहत एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच करते हुए मामले के आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब इस मामले के एक आरोपी नूंह के गुरावड़ा निवासी साजिद को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### चोरी का आरोपी भेजा गया जेल

रेवाड़ी। एक मकान का ताला तोड़कर चोरी करने के लिए घर में घुसे आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। मकान मालिक ने सेक्टर-4 में घर में घुसे आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। आरोपी की पहचान रामसिंहपुरा निवासी विष्णु के रूप में हुई थी। पुलिस ने उसके कब्जे से 200 रुपये व तोड़ा गया ताला भी बरामद किया है।

### कांकोरी कांड के शहीदों की दी श्रद्धांजली

रेवाड़ी। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने कांकोरी कांड के हीरो व अमर शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान व ठाकुर रोशन सिंह के 96वें बलिदान दिवस पर अपने कार्यालय में उनके चित्रों पर पुष्पांजली अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित की। कपिल यादव, अमन कुमार, कुमारी वर्षा, प्रदीप यादव व अजय कुमार ने भी तीनों शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### चेक बाउंस के मामले में पीओ गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस के पीओ स्टॉफ ने अदालत से उद्घोषित किए गए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला महेंद्रगढ़ के गांव सोहला निवासी अरुण कुमार के रूप में हुई है। आरोपी काफी दिनों से चेक बाउंस के मामले में अदालत में पेश नहीं हो रहा था, जिस पर अदालत ने उसे पीओ घोषित कर दिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना मॉडल टाउन में अलग से अभियोग दर्ज किया था। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

---

### एडवांस मार्केट फीस वसूली का विरोध कर रहे सब्जी मंडी व्यापारी

# आज सब्जी मंडी में पूर्ण हड़ताल खुदरा दुकानदार भी होंगे शामिल

■ मंडियों में आढ़त पर नहीं लगेगी फल-सब्जियों की बोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मार्केट फीस की एडवांस वसूली व इसमें हर साल 10 फीसदी वृद्धि करने के सरकार के फैसले के विरोध में 20 दिसंबर को प्रस्तावित सब्जी मंडी व्यापार मंडल की हड़ताल को जिले के सब्जी मंडी व्यापारी पूरा समर्थन देंगे। बुधवार को हड़ताल के दौरान जिले की सभी सब्जी मंडियां पूरी तरह से बंद रहेंगी। इस दौरान किसानों की सब्जियों की फसल की खरीद भी नहीं होगी। प्रदेश व्यापार मंडल भी सब्जी मंडी आढ़तियों की हड़ताल का पूरा समर्थन कर रहा है। सब्जी मंडी व्यापारियों का कहना है कि सरकार छोटे और बड़े व्यापारियों में कोई फर्क नहीं कर रही है। छोटे व्यापारियों के लिए एकमुश्त मार्केट फीस एडवांस जमा कराना आसान नहीं है। इस समय सब्जी कारोबारी दैनिक या साप्ताहिक के हिसाब से मार्केट फीस का भुगतान करते हैं। जिले में सब्जी उत्पादक किसान कम जमीन में खेती करते हैं। ऐसे में कई बार किसान बीच-बीच में फसल लाने में सक्षम नहीं होते। ऐसे में मार्केट फीस की एडवांस वसूली सब्जी मंडी व्यापारियों के लिए आफत साबित होने वाली है। आढ़तियों का कहना है कि कुछ व्यापारियों का कारोबार लाखों में होता है। कुछ का हजारों में ही सीमित रहता है। सरकार ने छोटे-बड़े व्यापारियों के बीच कोई अंतर नहीं किया है। मार्केट फीस का 40 फीसदी एकमुश्त जमा कराने और हर साल मार्केट फीस में 10 फीसदी का इजाफा करना किसी भी हालत में सही नहीं है। सेस वसूली भी सरकार का व्यापारियों के हितों पर कुठाराघात करने को निर्णय है। व्यापार मंडल के आह्वान पर सब्जी मंडी के आढ़ती पूर्ण रूप से हड़ताल रखेंगे।

सरकार ने व्यापारियों की मांगें नहीं मानी, तो आंदोलन तेज करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। आढ़ती दिलबाग राय धींगड़ा, श्रीभगवान सैनी, संजय राठी, धीरज सैनी, सीताराम, बबली सैनी, पाली दुआ, विकास यादव व चंचल सैनी ने बताया कि सभी व्यापारी एकजुट होकर सरकार के फैसले का विरोध करते हुए बुधवार की हड़ताल में शामिल होंगे।



रेवाड़ी। बिठवाना सब्जी मंडी में खरीददारी करते ग्राहक। फोटो :हरिभूमि

#### कारोबार पूरी तरह रहेगा ठप



*सरकार के एडवांस मार्केट फीस वूसली और हर साल इसमें वृद्धि फल कारोबारियों के हितों पर कुठाराघात है। व्यापारी सरकार के फैसले के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने को तैयार हैं।*
*-हंसराज, सब्जी मंडी आढ़ती यूनियन।*

#### कुंड सब्जी मंडी के आढ़ती भी शामिल

कुंड। मंगतूराम, रोहतास, हरिराम, सुभाष आदि आढ़तियों ने बताया कि सरकार ने फल एवं सब्जी विक्रेताओं पर मनमाना बोझ डाल दिया है। सभी आढ़ती इस काले कानून का विरोध करते हैं। वह भी हड़ताल में शामिल होकर पूर्ण बंद का समर्थन करेंगे। इस दौरान उनकी दुकानें पूर्ण रूप से बंद रहेंगी। इस मंडी में 15 आढ़ती ऐसे हैं, जिनके पास आढ़त के लाइसेंस हैं।

#### पता चलने के बाद उमड़ी मंडी में भीड़

सब्जी मंडी में हड़ताल का पता चलने के बाद सब्जी व फल खरीदने के लिए मंगलवार शाम को ग्राहकों की भारी भीड़ देखी गई। लोगों ने सब्जी मंडियों में जाकर एडवांस में सब्जियों और फलों की खरीददारी की। सब्जी उत्पादक किसानों को तैयार फसल बेचने के लिए एक दिन इंतजार करना पड़ेगा। सर्दी का मौसम होने के कारण फसल खराब होने जैसी आशंका नहीं है।

#### दो करोड़ का कारोबार होगा प्रभावित

जिले में सबसे बड़ी सब्जी मंडी बिठवाना में है। इसके साथ-साथ कोसली, धारूहेड़ा, बावल और कुंड में भी छोटी सब्जी मंडिया हैं। बिठवाना सब्जी मंडी में आढ़त की 28 दुकानें हैं, जिन पर एक करोड़ रुपये तक का कारोबार होता है। कुल मिलाकर पूरे जिले में हड़ताल से 2 करोड़ रुपये का कारोबार प्रभावित होने का अनुमान है। हड़ताल को छोटे सब्जी व्यापारियों से लेकर दुकानदार तक समर्थन दे रहे हैं।

---

## ट्रैक्टर चोरी के मामले में एक और आरोपी काबू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सीआईए धारूहेड़ा इंचार्ज निरीक्षक सतेन्द्र कुमार की टीम ने ट्रैक्टर चोरी के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला डिंग के गांव खरोड़ निवासी राबिकके रूप में हुई है। धारुहेडा निवासी गजानन्द ने 28 अक्टूबर को अपना ट्रैक्टर ट्राली सहित अपने प्लाट शिवनगर बास रोड पर खडा किया था। सुबह उठकर देखा तो ट्रैक्टर व ट्राली गायब थे। पुलिस ने थाना धारूहेड़ा में चोरी का मामला दर्ज करके मामले में एक आरोपी राजस्थान के जिला डिंग के गांव भण्डारा निवासी हकुमुदीन उर्फ बुकरा को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। सीआईए धारूहेड़ा ने एक और आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

## बार एसो. की नई कार्यकारिणी ने ली पद व गोपनीयता की शपथ

■ नए प्रधान विश्वामित्र यादव ने शनिवार को वर्क सस्पेंड नहीं रखने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला बार रूम में मंगलवार को रेवाड़ी बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। चुनाव अधिकारियों ने प्रधान विश्वामित्र, उप प्रधान सुरेन्द्रपाल, सचिव मनप्रिय यादव, सहसचिव टार्जन यादव व कोषाध्यक्ष विवेक यादव को शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद ही नवनिर्वाचित प्रधान विश्वामित्र यादव ने शनिवार को कार्यस्थगित नहीं रखने की घोषणा की। इसके पूर्व प्रत्येक महीने के पहले व तीसरे शनिवार को वर्क सस्पेंड रख वकील अदालत में पेश नहीं होते थे।

शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता जिला सत्र न्यायाधीश विमल कुमार ने की। उनके साथ जिले के सभी न्यायिक अधिकारी उपस्थित थे। सत्र न्यायाधीश का स्वागत बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता शंकर लाल गुप्ता ने पुष्प गुच्छ देकर किया। नए प्रधान विश्वामित्र को सौरभ राव पूर्व प्रधान, उप प्रधान सुरेंद्रपाल को पूर्व उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सैनी, सचिव मनप्रिय यादव को सुखराम, सहसचिव टार्जन यादव व कोषाध्यक्ष विवेक यादव का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। चुनाव समिति के सदस्य अश्विनी तिवारी एडवोकेट ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर बावल बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रधान प्रवीण यादव, उपाध्यक्ष भूपेंद्र खटाना, सचिव किरण पोसवाल, सह सचिव शुभम व कोषाध्यक्ष जयपाल चौहान को बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रधान ने सम्मानित किया। कनीना बार एसोसिएशन के प्रधान सुनील रामबास का भी स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने चुनाव समिति सदस्यों का भी बुक्के देकर सम्मान किया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित प्रधान विश्वामित्र ने कहा कि शनिवार को होने वाले वर्क सस्पेंड को समाप्त किया जा रहा है। सभी वकीलों ने इस फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बार एसोसिएशन के कोई भी फैसला बंद कमरे में नहीं लिया जाएगा, सभी फैसले मीटिंग में सभी की सहमति से लिए जाएंगे। मुख्य अतिथि जिला सत्र न्यायाधीश विमल कुमार ने कहा कि हमें प्रयास करना चाहिए कि महिला अधिवक्ताओं को एक पद आवश्यक रूप से रिजर्व किया जाए, ताकि महिलाओं की भागीदारी भी बार एसोसिएशन में सक्रिय रूप से रह सके। इस अवसर पर चुनाव समिति के सदस्य चौधरी चरण सिंह यादव, चंदन सिंह यादव, नवीन जांगड़ा, सुनील चौधरी, रूपचंद यादव, नरेंद्र सिंह राव, अमरजीत यादव, पूर्व प्रधान सुधीर यादव, नरेश यादव खडगवास सहित बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ता मौजूद थे।





रेवाड़ी। चुनाव अधिकारी अश्वनी तिवारी का सम्मान करते प्रधान व अन्य, समारोह में उपस्थित वकील। फोटो :हरिभूमि

## हर्षोल्लास ने मनाया पूर्व छात्र मिलन समारोह





रेवाड़ी। कार्यक्रम पेश करते हुए छात्राएं, पूर्व विद्यार्थी जेएनवी स्टॉफ के साथ। फोटो :हरिभूमि

■ कार्यक्रम में 250 भूतपूर्व विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पीएमश्री. जवाहर नवोदय विद्यालय नैचाना में पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें डा. मनोहर ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। कार्यक्रम में 250 भूतपूर्व विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से की गई। प्राचार्य सुरेन्द्र कुमार व उप-प्राचार्य पूनम पासी ने सभी भूतपूर्व छात्रों का स्वागत करते हुए विद्यालय की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। डॉ. हरपाल, डॉ. जोगेंद्र, डॉ. रीतू व छवि ने विभिन्न क्षेत्रों के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में मधुर सिंह तोमर, वीके जडली, भावना बजाज, एलके पंचाल, अनूप यादव, जेपी शर्मा, रविन्द्र, भूपेंद्र व किशन कुमार ने भी भाग लिया। मंच संचालन एलुमनी प्रभारी मुकेश कुमार पीजीटी इतिहास व तारा चंद सैनी पीजीटी जीव विज्ञान ने किया। संगीत शिक्षक प्रकाश गंगानी के मार्गदर्शन में छात्राओं ने स्वागत गीत, हरियाणवी, राजस्थानी, पंजाबी व गुजराती लोक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बैच 2000 से एलुमनी अध्यक्ष नितेश, अमन कुमार, कुसुम, अशोक, परमवीर, अरुण, अकरम, राकेश, तरुण, होशियार, बद्धानंद, कुलदीप चौहान, मोना, रीना, कृषण, वसीम व प्रदीप ने भाग लिया। एंकर प्रदीप जैलपुरिया व नितिन सिंगर ने कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुतियां दी।

## नागरिक अस्पताल में काटी मरीजों की जेब, दो महिलाओं समेत तीन काबू

रेवाड़ी। सामान्य अस्पताल में उपचार के लिए आए दो मरीजों की जेब से नकदी उड़ा दी। मरीजों ने भागते हुए दो महिलाओं और एक बच्चे को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में फिदेड़ी निवासी बलवंत ने बताया कि वह अस्पताल में दवा लेने के लिए आया था। पर्ची कटवाने के बाद वह लाइन में लगा हुआ था। उसे पीछे एक छोटा लड़का खड़ा हुआ था। इसके बाद वह लड़का साइड में खड़ा हो गया। उसने अपनी जेब चेक की तो जेब से 2700 रुपये और आधार कोर्ड गायब मिले। एक बुजुर्ग गुलशन की जेब से भी 4 हजार रुपये निकल गए। दोनों ने शोर मचाया तो दो औरत और एक लड़का वहां से भागने लगे। मौजूद लोगों ने पीछा करते हुए तीनों को काबू कर लिया। उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। काबू की गई महिलाओं में जयपुर के कोठी आगरा निवासी माला और द्रोपदी हैं।

## नाकेबंदी के बावजूद निकल गए बदमाश

### अंधेरे में तीर चलाती रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

संगवाड़ी के निकट गत सोमवार को हुई एसटीएफ और बदमाशों के बीच मुठभेड़ के बाद गोली लगने के बावजूद बदमाश पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सके हैं। अंधेरे में तीर मारते हुए की गई पुलिस की नाकेबंदी भी बदमाशों को दबोचने में कामयाब नहीं रही। दो बदमाश महेंद्रगढ़ की पपला गैंग से जुड़े हुए हैं, जिनमें से एक पर राजस्थान पुलिस न 50 हजार रुपये का इनाम रखा हुआ है। मुठभेड़ के बाद एक बदमाश बलवान उर्फ बल्लू को कंधे पर गोली लगी थी। वह संगवाड़ी में अपने जानकार टीटू के साथ बाइक पर रोहतक हाइवे पर निकल गया। पुलिस ने नाकेबंदी भी की, परंतु इसके बावजूद वह पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका। दूसरे बदमाश बलवान पर राजस्थान और हरियाणा के पुलिस थानों में हत्या व हत्या के प्रयास सहित कई मामले दर्ज हैं। राजस्थान पुलिस की ओर से 50 हजार का इनाम भी रखा हुआ है। बदमाशों के करीब पहुंचने के बावजूद एसटीएफ और पुलिस के हाथों से उनका बचकर निकलना पुलिस कार्यशैली पर भी सवालिया निशान लगा रहा है। कसोला एसएचओ मनोज कुमार का कहना है कि पुलिस ने आरोपियों को काबू करने के लिए कई स्थानों पर दबिश दी है।





रेवाड़ी। बदमाशों के कब्जे से बरामद की गई हिमाचल नंबर की कार।

---

**मौसम** आसमान में बादल छाने से बढ़ेगा कोहरो का प्रकोप, कड़ाके की ठंड शुरू होने की संभावना, न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं आया

# रात के तापमान में मामूली गिरावट, आज से मौसम में बदलाव के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिसंबर माह खत्म होने में कम ही समय बचा है, लेकिन सीजन के मुताबिक ठंड ने अभी तक अपना असर नहीं दिखाया है। तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर बना हुआ है। न्यूनतम तापमान इस बार 6 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं आया है। सुबह से शाम तक खिलने वाली तेज धूप दोपहर के समय मौसम गर्म बना देती है। सुबह और शाम के समय ही सर्दी का अहसास होता है। अब मौसम में बदलाव की उम्मीद बंधी है। मौसम विभाग के अनुसार 20 दिसंबर से आसमान में गहरे बादल छा सकते हैं, जिससे कोहरे के साथ कड़ाके की ठंड शुरू होने की संभावना है।

गत वर्ष दिसंबर माह के दूसरे पखवाड़े में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे आना शुरू हो गया था। इस सीजन में अभी तक न्यूनतम तापमान 5 डिग्री तक नहीं पहुंचा है। माह के 19 दिनों में तीन बार ही न्यूनतम तापमान 7 डिग्री से मामूली नीचे आया है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियसकी कमी के साथ 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 0.8 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 21.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हवाओं की गति 13 किलोमीटर प्रति घंटा रही, जिससे दिन समय ठिठुरन नहीं बढ़ी। इस सीजन में वह ठंड अभी तक देखने को नहीं मिली है, जो अक्सर दिसंबर के दूसरे पखवाड़े में शुरू हो जाती है। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार से लगातार तीन दिन तक आसमान में बादल छा सकते हैं। इससे न्यूनतम तापमान में वृद्धि हो सकती है, जबकि अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी। कोहरे का प्रकोप भी इस दौरान बना रह सकता है। विक्षोभ निष्क्रिय रहने से बरसात की संभावना नहीं बन रही हैं। बादल छाने के समय दिन के समय भी कड़ाके की ठंड दस्तक दे सकती है।



रेवाड़ी। एक किसान के खेत में खड़ी मटर की फसल। फोटो :हरिभूमि

#### निर्माण को मिली एक्यूआई से छूट

दिसंबर माह के शुरू में एक्यूआई 400 के आसपास पहुंचने के बाद पीसीबी की ओर से निर्माणकार्यों पर रोक लगा दी गई थी। इससे सड़क निर्माणकार्य पूरी तरह बंद पड़े थे। एक्यूआई का स्तर सुधरने के बाद सड़क व दूसरे निर्माण कार्यों में ढील दी गई है, जिससे सड़कों का निर्माण तेजी से शुरू किया गया है। एक्यूआई बढ़ने से निर्माणकार्य पर फिर से रोक लग सकती है।

#### फसलों के लिए अनुकूल बना मौसम

रबी की फसलों के लिए मौसम अनुकूल बना हुआ है। रात को ठंड और दिन के समय मौसम का गर्म मिजाज गेहूं में तेजी से फुटाव ला रहा है। सरसों की अगेती फसलों पर फलियां आना शुरू हो गया है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार अगर इस समय हल्की बरसात हो जाती है, तो वह दोनों फसलों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी।

#### एक्यूआई दिला रहा प्रदूषण से राहत

साफ मौसम का असर प्रदूषण पर देखने को मिल रहा है। प्रदूषण का स्तर लगातार अच्छा हो रहा है, जिससे लोगों को जहरीली हवा से छुटकारा मिला हुआ है। दिन के समय तेज धूप और हवा प्रदूषण को कम करने का काम कर रही हैं। मंगलवार को एक्यूआई कम होकर 121 पर आ गया। भिवाड़ी का एक्यूआई भी 242 दर्ज किया गया, जो आम दिनों की अपेक्षा काफी कम है।

## खबर संक्षेप

### सलीमपुर की सरपंच की भांजी ने लौटाया पर्स

**मंडी अटेली।** छापड़ा सलीमपुर की सरपंच एकता यादव की भांजी प्रिया मेहता ने सुराणा पुल के मिले रुपये व गहनों का पर्स मालिक को लौट कर ईमानदारी का परिचय दिया है। सरपंच प्रतिनिधि सिंहराज यादव ने कहा कि पर्स को लौट कर गांव परिवार के संस्कार व संस्कृति तथा सामाजिक, मानवता, नैतिकता को दर्शाता है।

### एआईयूटीयूसी कार्यकर्ता 21 को करेंगे प्रदर्शन

**नारनौल।** एआईयूटीयूसी हरियाणा प्रदेश कमेटी के प्रधान कामरेड राजेंद्र सिंह व सचिव हरिप्रकाश ने बताया कि एआईयूटीयूसी कार्यकर्ता 21 दिसंबर को स्कीम वर्कर की मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शन में एआईयूटीयूसी से जुड़ी सभी यूनियन व एआईयूटीयूसी जिला कमेटी शामिल होगी।

### वृद्ध सम्मान समारोह 13 जनवरी को

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन के प्रधान दुलीचंद शर्मा ने बताया कि किला रोड स्थित साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में संगठन की ओर से 13 जनवरी को सुबह 10:30 बजे वृद्ध सम्मान समारोह होगा। जिसमें 31 दिसंबर तक 90 वर्ष की आयु पूरी कर चुके महिला एवं पुरुष सम्मानित किए जाएंगे। इसके लिए आयु प्रमाणपत्र के साथ निर्धारित फार्म पर 31 दिसंबर तक आवेदन करना होगा। जो कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं।

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता के टीम का चयन आज

**नारनौल।** सीनियर राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए 20 दिसंबर को जिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता लार्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल सिहमा में होगी। जिसमें महिलाओं व पुरुषों की टीम का चयन किया जाएगा। प्रधान बाबूलाल यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी अपना आधार कार्ड व फोटो साथ लाए।

### खराब फसलों के मुआवजे के लिए किया रोष प्रदर्शन

**नांगल चौधरी।** बीते साल पाले से नष्ट हुई सरसों की फसल का मुआवजा अभी तक वितरित नहीं हुआ है। जिस कारण पीड़ित किसानों को बैंकों का ऋण चुकाने, बच्चों की फीस अदायगी तथा अन्य सामाजिक रीति-रिवाजों को निभाना मुश्किल हो गया है। नांगल चौधरी हलके से कांग्रेस प्रत्याशी रहे राजाराम गोलवा ने तुरंत मुआवजा वितरण क गुहार लगाई है।

### तीन किसानों की 33 नोजल चोरी, केस दर्ज

**महेंद्रगढ़।** खायरा में तीन किसानों की 33 नोजल अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। पीड़ित किसानों ने सिटी पुलिस में शिकायत देकर नोजल बरामद करने तथा अज्ञात चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### सड़क निर्माण के लिए डीसी को सौंपा ज्ञापन

**महेंद्रगढ़।** शहर के 11 हट्टा बाजार की सड़क का निर्माण करने को लेकर डीसी मोनिका गुप्ता को एक ज्ञापन सौंपा। समाजसेवी रामनिवास पाटोदा, अशोक ने बताया कि महेंद्रगढ़ जिला सबसे पुराने जिलों में शामिल है, बावजूद इसके जिले की हमेशा उपेक्षा होती आई है।

### ग्रेप-4 लगने के कारण डेढ़ माह से बंद पड़ा था कार्य

# सचिवालय मार्ग और सेक्टरों की सड़कों का नवनिर्माण कार्य शुरू

**सरकुलर रोड सहित मुख्य बाजारों को नई सड़कें मिलने का अभी भी इंतजार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। सचिवालय के सामने बनाई जा रही नई सड़क। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। सेक्टर-3 में शुरू हुआ नई सड़क बनाने का कार्य। फोटो : हरिभूमि

शहर के सेक्टरों व सचिवालय मार्ग की सड़कों को डेढ़ महीने बाद नव निर्माण शुरू हो गया है। नगर परिषद की ओर से अक्टूबर माह में लघु सचिवालय के सामने, सेक्टर-3 व सेक्टर-4 की सड़कें नई बनाने के लिए उखाड़ दी थी, जिसके बाद प्रदूषण के बढ़ते स्तर को लेकर ग्रेप-4 लगने से निर्माण कार्य बंद पड़ा हुआ था। अब प्रदूषण का स्तर सामान्य होने पर नगर परिषद की ओर से सड़कों के नव निर्माण किया जा रहा है। उखाड़ कर डाली हुई इन सड़कों पर बिखरती रोड़ियां लोगों के लिए परेशानी बनी हुई थी। नगर परिषद की ओर से जिला सचिवालय मार्ग व सेक्टरों की तारकोल की सड़कें बनाई जा रही है। शहर के सरकुलर रोड सहित बावल रोड, मिनी बाइपास, गढ़ी बोलनी रोड, दिल्ली रोड व ब्रास मार्केट की सड़कें पर जर्जर अवस्था में आ चुकी है। इन सड़कों पर भारी-भरकम गड्ढे वाहन चालकों के लिए परेशानी बने हुए है। शहर के मुख्य बाजारों की सड़कें भी लंबे समय से नव निर्माण का इंतजार कर रही है। भाड़ावास गेट से मोती चौक, गोकल बाजार, रेलवे रोड व काठमंडी की नई सड़कें पूरी तरह जर्जर हालत में आ चुकी है।

### शहर में इन सड़कों को नवनिर्माण की मंजूरी

पर्यटन निगम के चेयरमैन डा. अरविंद यादव की सिफारिश पर शहर की कई सड़कों को अक्टूबर माह में नव निर्माण की मंजूरी मिल चुकी है, लेकिन अभी कार्य शुरू होने में समय लग सकता है। कंकरवाली शिव मंदिर से कालूवास रोड, मुंढिया खेड़ा लिंक रोड, गोपालपुर लिंक रोड, भूरथल जाट से भूरथल ठेठर की सड़क, शहबाजपुर खालसा से पैदयावास और पैदयावास से बैरियावास रोड को स्वीकृति, सरकुलर रोड स्थित धारूहेड़ा चौक से बावल चौक, सरकुलर रोड पर झज्जर चौक से नाईवाली चौक, ढाणी होद से एचएसएएमबी रोड, कुंभावास लिंक रोड, चिल्हड़ नुरपुर के साथ ढाणी होद, करावरा मानकपुर रोड, बैरियावास से धवाना, महेश्वर लिंक रोड, गढ़ी अलावलपुर लिंक रोड, नुरपुर से घुड़कावास, महेश्वरी से गढ़ी अलावलपुर, रामगढ़ से डाबडी रेलवे स्टेशन से कुंभावास रोड, तीतरपुर से खटावली, खलीलपुर लिंक रोड, डोहकी लिंक रोड, काकोड़िया से बीकानेर रोड एवं रेवाड़ी से रामगढ़ भगवानपुर रोड को शामिल किया गया है। इन सड़कों पर 20 करोड़ 66 लाख 75 हजार रुपए का बजट खर्च किया जाएगा।

#### मिनी बाइपास के डिवाइडर की दशा सुधरी

शहर के बावल रोड से दिल्ली रोड को जोड़ने वाले मिनीबाइपास की सड़क पर भी जगह-जगह गड्ढे हो चुके है। मिनी बाइपास की जर्जर सड़क लंबे समय से नव निर्माण का इंतजार कर रही है। मिनी बाइपास के डिवाइडरों को नगर परिषद की ओर से हाल ही में सीमेंटेड बनाया जा चुका है।

#### जल्द बनाई जाएंगी बाजारों की सड़कें

सचिवालय के सामने, सेक्टर-3 व सेक्टर 4 की सड़कों का नव निर्माण शुरू कर दिया गया है। शहर में अभी काफी नई सड़कें बनाई जानी है, जिसकी टेंडर प्रक्रिया चल रही है। मुख्य बाजारों की सड़का का भी जल्द ही नव निर्माण कराया जाएगा।

*पूनम यादव*
*चेयरपर्सन, नगर परिषद*



### रीजनल सेंटर में 'हमारा संकल्प विकसित भारत' पर ऑनलाइन प्रतियोगिताएं आयोजित

**कोसली।** कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में मंगलवार को 'हमारा संकल्प विकसित भारत' विषय पर विभिन्न ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्राओं ने अपनी रुचि अनुसार विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए अपने विचारों को प्रतियोगिता के माध्यम से दर्ज कराया। इस अवसर पर रीजनल सेंटर के निदेशक बलबीर सिंह ने कहा कि विकसित भारत के सपने को 2047 तक पूरा करने में छात्राओं का योगदान भी महत्वपूर्ण होने वाला है। ग्रामीण क्षेत्र की छात्राएं गुलामी की मानसिकता उखाड़कर देश की एकता को सुदृढ़ बनाने में भागीदारी सुनिश्चित करेंगी। आने वाली पीढ़ियों को देश की समृद्ध विरासत पर गर्व होगा। इस अवसर पर डा.अनिल कुमार, डा.अनिता देवी, डा. रिनु यादव, डा. योगेन्द्र, पूजा, सोनिया, अंजलि, अंजलि यादव, परवेश भारद्वाज, रकिश, सुनीता यादव, मजुरानी व प्रदीप सहित नॉन-टीचिंग स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे।



### करणसिंह बने नाहड़ शारीरिक शिक्षक संघ के प्रधान

**कोसली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोसली में खंड नाहड़ के शारीरिक शिक्षा शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें खंड नाहड़ शारीरिक शिक्षक संघ की कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। चुनाव में करणसिंह पीटीआई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कारौली को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। महेंद्र सिंह डीपी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भाकली को उप प्रधान, संजय डीपी राजकीय माध्यमिक विद्यालय गुर्जरवास को कोषाध्यक्ष, नरेंद्र पीटीआई राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोसली को सचिव तथा संजीव कुमार पीटीआई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुड्डी को सह सचिव नियुक्ति किया गया। बैठक में कपूर सिंह डीपी, बलवान पीटीआई, सत्या पीटीआई, जयसिंह पीटीआई, चंद्रशेखर पीटीआइ व प्रवीण पीटीआई सहित क्षेत्र के सभी पीटीआई और डीपी उपस्थित थे।

## एसपी को सौंपा ज्ञापन, चोरों को गिरफ्तार करने की मांग

- खेतों से किसानों के फव्वारे व नोजल चोरी की घटनाओं को लेकर पूर्व बीडीसी चेयरमैन सूरत सिंह की अगुवाई में सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। एसपी नितिश अग्रवाल को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो: हरिभूमि

क्षेत्र में हो रही फव्वारे-नोजल चोरी के मामले में पंचायत समिति के पूर्व चेयरमैन सूरत सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों ने एसपी नितिश अग्रवाल को एक ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधियों की ओर से सामाजिक कार्यकर्ता व सर्व समाज मंच अध्यक्ष राधेश्याम गोमला ने एसपी को विषय की जानकारी देते हुए बताया कि गांव सिसोठ, रिवासा, खायरा, कुरहावटा व माजरा आदि गांवों में से हजारों नोजल चोरी हो गई है, लेकिन पुलिस ने अभी तक चोरों को नहीं पकड़ा है। बार एसोसिएशन प्रधान राजीव कुमार एडवोकेट ने बताया कि पिछले कई दिनों से लगातार किसानों के खेतों से चोरी हो रही हैं। चोर बड़ा ध्यान रखकर चोरी कर रहे हैं। जब किसान लाइन बदलकर वापिस जाते हैं तो चोर पीछे से नोजल चोरी कर लेते हैं। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को इस बारे बताया जा चुका है, मगर अभी तक चोरों पर कार्रवाई नही हुई है। इस दौरान उपस्थित लोगों ने एसपी से चोरों पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करने और नोजल बरामद करने की मांग की है।

## अध्यात्म, संस्कृति व कला का होगा अनूठा संगम

- एसडीएम होशियार सिंह ने गीता जयंती महोत्सव की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम होशियार सिंह। फोटो : हरिभूमि

जिला स्तरीय गीता महोत्सव को लेकर बाल भवन परिसर गीतापुरम के रूप में सजाया जा रहा है। दो दिन तक चलने वाले गीता जयंती महोत्सव में 22 व 23 दिसंबर को अध्यात्म, संस्कृति व कला का दिव्य और अनूठा संगम दिखाई देगा, जिसके लिए जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ हैं। गीता जयंती महोत्सव के भव्य व सफल आयोजन को लेकर एसडीएम होशियार सिंह ने मंगलवार को अधिकारियों व विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गीता महोत्सव में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों के अलावा जिला के विद्यालयों और संबंधित विभागों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। गीता जयंती महोत्सव के समापन अवसर पर नगर शोभा यात्रा के दौरान विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों की ओर से विभिन्न देवी-देवताओं की दो दर्जन के करीब मनोहारी झांकियां निकाली जाएंगी। शोभा यात्रा के दौरान रामनगरी अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे भव्य भगवान श्रीराम मंदिर की झांकी आकर्षण को केंद्र रहेगी। शोभा यात्रा हिंदू हाई स्कूल से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस बाल भवन में सम्पन्न होगी। शोभा यात्रा में ब्राह्मण सभा, वाल्मीकि जनकल्याण समिति, पतंजलि योग समिति, गोक्रांति दल, श्री श्याम दीवाना मंडल, प्राचीन महाकाली मंदिर, जीओ गीता, यूरो स्कूल, प्रथम इंटरनेशनल स्कूल, सेंसोरियम स्कूल, व्यापार मंडल, गोरक्षा सेवा समिति, रविदास मंदिर, गुरूद्वारा कमेटी, शिवसेना, विश्व हिंदू परिषद की ओर से झांकियां निकाली जाएंगी। शोभा यात्रा के दौरान शहर में विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों की ओर से करीब एक दर्जन स्वागत गेट लगाए जाएंगे।

## महिला सशक्तिकरण को लेकर लोगों को किया जागरूक

- गांव सापली में जिला पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। जानकारी देते हुए एसआई राहुल। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस की ओर से आमजन को साइबर अपराध एवं महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया जा रहा है। साइबर थाने से एसआई राहुल व उनकी टीम ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला गांव सापली में विद्यार्थियों, महिलाओं तथा आमजन को साइबर अपराध तथा महिला सशक्तिकरण बारे जागरूक किया। इस अवसर पर अरुण कुमार ताहिया राष्ट्रीय अध्यक्ष सामाजिक विकास एवं महिला सशक्तिकरण संगठन दिल्ली व राष्ट्रीय महासचिव मधु यादव व आदित्य भट्टाचार्य उपस्थित थे। एसआई राहुल ने सभी को साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के इस तकनीकी दौर में मनुष्य ज्यादातर मोबाइल फोन, लैपटॉप व कम्प्यूटर पर निर्भर है और यह डिवाइस इंटरनेट से जुड़ी हुई हैं। इनके माध्यम से मनुष्य का जीवन काफी आसान हो गया है। इनके माध्यम से मनुष्य अपने रोजमर्रा के कार्य जैसे-बैंक से संबंधित कार्य, ऑनलाइन ऑफिस कार्य, नेट बैंकिंग, सोशल मीडिया पर अपना कारोबार आदि कार्य घर बैठे ही बड़ी आसानी से कर लेता है, जिसके कारण व्यक्ति कई बार इंटरनेट पर गलती कर बैठता हैं। साइबर अपराधी इसी गलती के इंतजार में बैठे रहते हैं। मौका मिलते ही साइबर अपराधी बड़े ही शातिर तरीके से लोगों को मानसिक व आर्थिक तौर पर भारी क्षति पहुंचा देते हैं। उन्होंने बताया कि हमें इंटरनेट पर अपने कार्य करने के दौरान या इंटरनेट का उपयोग करते समय बड़ी सावधानी बरतनी चाहिए। हमें अपने सोशल मीडिया खातों पर एक मजबूत पासवर्ड लगाकर खातों को सुरक्षित रखना चाहिए। सोशल मीडिया पर किसी अनजान व्यक्ति से संपर्क नहीं करना चाहिए। किसी अंजान लिंक पर क्लिक करके उसे ओपन नहीं करना चाहिए। अगर आपके साथ किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी हो जाती है तो तुरंत नेशनल साइबर कंप्लेंट पोर्टल नंबर 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराएं। राष्ट्रीय महासचिव मधु यादव ने स्कूल व कॉलेज जाने वाली छात्राओं, कामकाजी महिलाओं और गृहणियों के साथ अपने अनुभव सांझा किए। उन्होंने संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों के संबंध में बताया और महिलाओं से जुड़े कानूनों, कानूनी संरक्षण और अधिकारों से अवगत कराया।

## ट्रेन में शिक्षा अधिकारी के लाखों के गहने चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- अन्य मामले में एक यात्री का बैग लेकर ट्रेन से कूदा बदमाश

दिल्ली से बीकानेर एक्सप्रेस ट्रेन से जा रही राजस्थान शिक्षा विभाग में अधिकारी एक महिला के लाखों रुपये के जेवरात चोरी हो गए। एक अन्य मामले में चोर एक युवक का बैग छीनकर चलती ट्रेन से कूद गया। जीआरपी ने दोनों की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। राजस्थान में शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत कोट गेट बीकानेर निवासी सुनीता चावला ने बताया कि वह दिल्ली में एक शादी समारोह में भाग लेने के बाद एक्सप्रेस ट्रेन से बीकानेर जा रही थी। उसके ट्रॉली बैग में ही पर्स था, जिसमें कुंदन का पूरा सेट, सोने के चार कड़े, चार सोने की चूड़ियां व अन्य जेवरात थे, जिनका वजन 425 ग्राम है। उसने अपना ट्रॉली बैग ऊपर की सीट पर रखा हुआ था। उसके कोच में करीब 50 वर्षीय व्यक्ति भी बैठा हुआ था, जिसने उसका बैग सीट पर रखा था। महेंद्रगढ़ स्टेशन से ट्रेन चलने के बाद वह शौचालय में चली गई। वापस आने पर पास की टिकट पर बैठा व्यक्ति गायब मिला। उसने बैग चेक किया तो उसके सारे जेवरात गाब मिले। जीआरपी ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज कर लिया। रामामंडी से रेवाड़ी स्टेशन आ रहे आगरा के सरोखीपुरा निवासी उमेश ने जीआरपी को दर्ज शिकायत में बताया कि वह कोरियर कंपनी में काम करता है। उसके पास पिट्ठू बैग था। बैग में उसका मोबाइल फोन व 500 रुपये के साथ-साथ अन्य सामान भी था।

### गत विस चुनावों में भाजपा की अंतर्कलह का हुए थे शिकार, अब रेवाड़ी हलके में एक्टिव हुए सुनील

# 'आरती यात्रा' से भवपार उतरने की तैयारी, करा रहे धार्मिक स्थलों की सैर

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी




रेवाड़ी। आरती यात्रा को धार्मिक स्थल के लिए रवाना करते सुनील मुसेपुर।

भाजपा की अंतर्कलह के चलते पिछले विधानसभा चुनावों में रेवाड़ी हलके से महज 1317 मतों से पराजित हुए सुनील मुसेपुर ने चुनाव करीब आते ही एक बार फिर से सक्रियता बढ़ा दी है। जरूरतमंद लोगों को मुफ्त धार्मिक यात्रा कराने के लिए उन्होंने काफी समय से 'आरती यात्रा' के नाम से मुहिम शुरू की हुई है, जिसके तहत अभी तक वह सात हजार से अधिक लोगों को धार्मिक स्थलों की यात्रा करा चुके हैं। काफी समय तक पार्टी के कार्यक्रमों से दूर रहने वाले सुनील मुसेपुर अब भाजपा के कार्यक्रमों में भी अच्छी उपस्थिति दर्ज कराते नजर आ रहे हैं। गत विधानसभा चुनावों में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने अपनी बेटी आरती राव को रेवाड़ी से टिकट दिलाने के लिए पूरा जोर लगाया था। भाजपा की परिवारवाद से दूर की राजनीति के कारण पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने आरती को टिकट देने से साफ मना कर दिया था। राव के पास आरती को छोड़कर खास समर्थकों की लंबी फेहरिस्त थी, परंतु ऐन मौके पर उन्होंने सुनील मुसेपुर को टिकट दिलाकर सभी को झटका दे दिया। सुनील को टिकट मिलने के साथ ही पार्टी के सीटिंग एमएलए रणधीर सिंह कापड़ीवास अपनी टिकट कटने से नाराज हो गए। उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने का फैसला लिया, तो भाजपा में राव से दूरी बनाए रखने वाले पुराने कार्यकर्ता खुलकर कापड़ीवास के साथ खड़े हो गए। एक ओर राव ने सुनील मुसेपुर को जिताने के लिए पीएम मोदी तक का दौरा ऐन मौके पर फाइनल करा दिया, तो दूसरी ओर राव का 'तिलिस्म' तोड़ने के लिए भाजपा का विरोधी गुरप कमर कसकर सुनील को हराने की कवायद में जुट गया। आखिरकार विरोध खेमा राव को मात देने में सफल हो गया। अब वह आरती राव का नाम प्रचारित करने के लिए 'आरती यात्रा' के जरिए लोगों को धार्मिक स्थलों तक पहुंचाने की मुहिम चलाए हुए हैं।

#### आरती के लिए मैदान छोड़ने को तैयार

सुनील मुसेपुर का मानना है कि रेवाड़ी सीट पर पहला हक आरती राव का बनता है। अगर आरती इस हलके से चुनाव लड़ना चाहेंगी, तो वह मैदान से हटने के लिए पूरी तैयार हैं। धार्मिक यात्रा से राजनीतिक लाभ लेने की उनकी कोई मंशा नहीं है। भाजपा संगठन से दूरी बनाए रखने वाले सुनील ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है। इससे यह साफ संकेत मिल रहे हैं कि सुनील एक बार फिर से इस हलके से भाग्य आजमाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

#### दूसरे समर्थकों को कर दिया था नाराज

पिछले विधानसभा चुनावों में मामूली अंतर से सुनील की हार का बड़ा कारण यह भी माना जा रहा है कि राव के जो खास टिकट की लाइन में इंतजार कर रहे थे, उन्हें सुनील को मैदान में उतारने से बड़ा झटका लगा था। राव के ही कुछ खास चुनाव प्रचार में शामिल जरूर रहे थे, परंतु वह भी उनकी जीत देखना नहीं चाहते थे। इनमें राव के कुछ ऐसे खास समर्थक शामिल रहे, जो दशकों से उनके साथ जुड़े हुए हैं। ऐसे ही समर्थक एक बार फिर टिकट की लाइन में हैं।

**सूचना**

मैं, मोन्टी देवी पत्नी श्री सुरेन्द्र सिंह निवासी रेलवे स्टेशन कोसली, तहसील कोसली, जिला रेवाड़ी (हरियाणा) सूचित करती हूं कि मेरी प्रोपर्टी की एक रजिस्ट्री बैयनामा वसीका (नंबर 190 दिनांक 19.06.1996) रेलवे स्टेशन कोसली पर गुम हो गई है। किसी को मिले तो मुझे सूचित करें।

# मरने के बाद व्यक्ति के अच्छे व बुरे कर्म ही जाते साथ: प्रेमानंद


रेवाड़ी। प्रवचन देते हुए महाराज। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ›› धारूहेड़ा

अखंड परमधाम सेवा समिति की ओर से मंगलवार को श्रीराम कुटी में सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रेमानंद गिरी महाराज ने कहा कि संसार में आने क्या प्रयोजन है। संसार का तो सब कुछ संसार में ही रह जाएगा। मौत सब चीजों को अर्थहीन कर देती है। व्यक्ति की ओर से बनाया गया महल भी मौत के बाद किसी काम का नहीं है। संसार में आकर व्यक्ति मोह माया के जाल में फंस जाता है। बड़ी-बड़ी इमारतें व कमाया गया धन मरने के बाद साथ नहीं जाता है। इसलिए व्यक्ति को संसार में अपना सांसारिक धर्म निभाते हुए धर्म, पुण्य भी अवश्य करना चाहिए। गुरु नानकदेव जी एक धनी आदमी के पास गए, उसको एक थैला दिया और कहा भाई, इसमें कुछ अनाज है, मुझे बाद में लौटा देना। धनी आदमी ने गुरु से कहा कहा लौटाना है तो गुरु ने जवाब दिया भाई स्वर्ग में दे देना। गुरु नानकदेव ने कहा भाई जब यह थैला स्वर्ग में नहीं जाएगा तो तूने जो इतना धन संग्रह किया है, वह सब तेरे साथ कैसे जाएगा। रिश्वत व भ्रष्टाचार सिर्फ संसार की कोर्ट-कचहरी तक ही रह जाता है। मरने के बाद व्यक्ति के अच्छे व बुरे कर्म ही साथ जाते है।

*धारूहेड़ा के फ्लाईओवर की स्थिति बनी दयनीय*

# एनएचएआई की अनदेखी का शिकार धारूहेड़ा फ्लाईओवर, समस्याओं से परेशान वाहन चालक

**निर्माण को सात साल बीतने पर भी फ्लाईओवर पर लगे बिना लाइटों के पोल, बदहाली की ओर जा रहा फ्लाईओवर**

हरिभूमि न्यूज ›› धारूहेड़ा

दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर औद्योगिक कस्बा धारूहेड़ा में फ्लाईओवर के निर्माण को 7 वर्ष बीत चुके है। वर्तमान में फ्लाईओवर की स्थिति बदहाल होती जा रही है। दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नेशनल हाइवे अथॉरिटी की अनदेखी व लापरवाही वाहन चालकों के लिए भी परेशानी का कारण बनी हुई है। एनएच-48 से प्रतिदिन लाखों वाहनों का आवागमन होता है, लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग पर देखरेख के अभाव में बदहाली के कारण वाहन चालकों को असुविधाओं से रूबरू होना पड़ता है। नेशनल हाइवे ऑथारिटी के अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे है। गांव खरखड़ा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश यादव ने मंगलवार को प्रधानमंत्री, केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गड़करी, एनएचएआई के चेयरमैन संतोष कुमार यादव सहित अन्य



रेवाड़ी। फ्लाईओवर पर बिना लाइटों के लगे बिजली पोल व फ्लाईओवर की दीवार के साथ उगे हुए पेड़। फोटो :हरिभूमि

अधिकारियों को पत्र भेजकर धारूहेड़ा फलाईओवर की समस्याओं के समाधान की अपील की है।

### बिना लाइटों के खड़े किए हुए पोल

फ्लाईओवर को 7 वर्ष पूरे होने पर भी अभी तक केवल बिजली के पोल ही खड़े दिखाई देते है, उन पर अभी तक लाइटें तक नही लगाई गई है। लाइटें लगवाने को लेकर नेशनल हाइवे ऑथोरिटी को कई बार बार पत्र भेजकर अनुरोध किया जा चुका है,लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। फ्लाईओवर से गुजरने वाले वाहनों को रात के समय परेशानी उठानी पड़ती है व अंधेरे की वजह से हादसों का डर भी बना रहता है। धारूहेड़ा कस्बे में प्रवेश व निकास के लिए छोड़े गए रास्तों की चौड़ाई भी काफी कम है, जिससे हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। कई बार तो एम्बुलेंस एंव अन्य आवश्यक सेवाओं से संबंधित वाहन भी जाम में फंस जाते है। धारूहेडा क्षेत्र राजस्थान की सीमा के साथ लगता हुआ है। भिवाड़ी व खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में हजारों की संख्या में औद्योगिक ईकाईयां स्थापित है। इन औद्योगिक क्षेत्र के ज्यादातर वाहन धारूहेडा शहरी क्षेत्र से होकर ही गुजरते हैं, जिसके कारण भी प्रतिदिन कस्बे में जाम की स्थिति बनी रहती है। एनएच-48 के फ्लाईऑवर के दोनों तरफ आवागमन के लिए 150-150 मीटर जमीन का राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण विभाग की ओर से वर्ष 2011 में अवार्ड हुआ था व वर्ष 2014 में जमीन अधिग्रहण की गई थी। विभाग की ओर से अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भी दिया जा चुका हैं। इस जमीन पर अभी तक कब्जे बने हुए है। विभाग की ओर से कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है।

### फ्लाईओवर की दीवारों पर उग रहे पेड़-पौधे


*फ्लाईओवर की दीवारों के साथ, सर्विस लेन व डिवाइडरों पर बड़े-बड़े अवांछित पेड़-पौधों के झुंड पनप गए है। एनएचएआई की ओर से हाइवे पर मेंटीनेंस के नाम पर करोड़ों रुपये जाते है, लेकिन धारूहेड़ा के फ्लाईओवर की स्थिति दयनीय बनी हुई है। प्रकाश यादव ने कहा कि दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बसा औद्योगिक कस्बा धारूहेड़ा एक उन्नत व विकसित कस्बे के रूप में अपनी पहचाना बना चुका है। यहां औद्योगिक इकाइयों के साथ ही रियल एस्टेट व शिक्षा को लेकर काफी संभावना बनी हुई है,।*

## खबर संक्षेप

### जिला परिवेदना समिति की बैठक 27 को

**रेवाड़ी।** जिले के नागरिकों की शिकायतों का निवारण करने के लिए जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक 27 दिसंबर को दोपहर 12 बजे बाल भवन में श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री अनूप धानक की अध्यक्षता में आयोजित होगी। बैठक में 15 परिवादों की सुनवाई की जाएगी।

### जुआ खिलाने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**बावल।** थाना कसोला पुलिस ने जलियावास बस स्टैंड पर गोटियों के रूप में जुआ खिला रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से जुए की गोटियां व नकदी बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार दो युवक जलियावास बस स्टैंड पर गोटियों से जुआ खिला रहे थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो दोनों ने वहां से भागने का प्रयास किया। पुलिस ने दोनों को मौके पर ही काबू कर लिया।

### ट्रेन में बैग से नकदी और जेवरात चोरी

**रेवाड़ी।** ट्रेनों में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। रेवाड़ी से हिसार की ओर जाने वाली ट्रेन में भाई-बहन के बैगों को खंगालकर चोर नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए। जीआरपी ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। जीआरपी को दर्ज शिकायत में चरखी दादरी के गांधी नगर निवासी योगेश ने बताया कि वह अपनी बहन निशा के साथ मेरठ-श्रीगंगानगर ट्रेन से चरखी दादरी जा रहा था। तीन बैग ट्रेन में ऊपर की सीट पर रखे हुए थे। सीट पर तीन युवक बैठ गए थे, जो कोसली रेलवे स्टेशन पर उतर गए।

जन-जन को हमारा संकल्प-विकसित भारत का दिलाया जा रहा संकल्प

# विकसित भारत संकल्प यात्रा हर घर सरकारी योजनाएं पहुंचाने की प्रधानमंत्री की बड़ी पहल

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को जानकारी दी।



रेवाड़ी। गैस कनेक्शन वितरित करते वीर कुमार व लोगों को शपथ दिलाते कृष्ण कुमार। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ›› रेवाड़ी

विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव जीतपुरा इस्तमुरार, फदनी, चौकी नंबर-2, चांदनवास, अकबरपुर, जाटूवास, दीदौली व दड़ौली में पहुंची और लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ देते हुए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी दी। लाभार्थी एक ही स्थान पर अपनी समस्याओं के समाधान व योजनाओं का लाभ मिलने से खुश नजर आ रहे हैं। गांव जीतपुरा इस्तमुरार व फदनी में पीपीपी स्टेट कोर्डिनेटर डा. सतीश खोला, कोसली विधानसभा क्षेत्र के गांव चौकी नंबर-2 व चांदनवास में वरिष्ठ भाजपा नेता वीर कुमार यादव, गांव दीदौली में यशवंत भारद्वाज व गांव दड़ौली में पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह यादव तथा गांव अकबरपुर व जाटूवास में हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन इंजी. कृष्ण कुमार ने यात्रा का स्वागत किया।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा की विशेषताएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से पूरे देश में केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की थी। 25 जनवरी 2024 तक देश भर के सभी जिलों को कवर किया जाएगा। यात्रा में सभी ग्राम पंचायतों को कवर करके केंद्र सरकार की 20 योजनाओं को बताया जा रहा है। यात्रा में जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जन धन योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना और यूरिया सब्सिडी योजना सहित 20 योजनाओं के बारे में लोगों को बताया जा रहा है। यह वैन ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में यात्रा कर रही है और क्षेत्रीय भाषाओं में ऑडियो-विजुअल, ब्रोशर, पैम्फलेट और अन्य माध्यमों से लोगों तक जानकारी पहुंचा रही है। यात्रा के दौरान स्वास्थ्य जांच शिविर, आधार नामांकन, मेरा भारत स्वयंसेवक नामांकन जैसी ऑन-द-स्पॉट सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं। पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह यादव कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा समावेशी विकास की दिशा में एक सार्थक पहल है। इसके जरिए देश के कोने-कोने में समाज के सभी वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। यात्रा का मकसद स्वास्थ्य, स्वच्छता, बिजली, आवास, रोजगार, आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना और पीएम आवास योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए लाभान्वित करना है। हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन इंजी. कृष्ण कुमार ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं व फ्लैगशिप कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी जा रही है।

### मौके पर ही लाभ उठा रहे वंचित

*पीपीपी स्टेट कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान अंतिम व वंचित व्यक्ति सरकार की अंत्योदय योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान 2 गोद भराई, 7 बीपीएल कार्ड, 3 वृद्धावस्था पेंशन, 12 अधार त्रुटियां दुरुस्त, 14 फैमिली आईडी त्रुटियां ठीक, 71 स्वास्थ्य जांच शिविर, 35 बुजुर्गों को दवाईयां वितरण, 14 आयुष्मान कार्ड बनाए, 6 इनकम फील्ड सर्वे, 9 विकास कार्यों से संबंधित मांग सरपंच वीना देवी की ओर से दिया गया। इस अवसर पर बीडीपीओ धारूहेड़ा कविता, मंडल अध्यक्ष मनोज सैनी, सत्यदेव यादव, कोर्डिनेटर वीबीएसवाई सुनील ग्रोवर व रामपाल धारूहेड़ा सहित अनेक लोग मौजूद थे।*

### जरूरतमंदों का सपना पूरा करेंगे

वरिष्ठ भाजपा नेता वीर कुमार यादव ने कहा कि सरकार अंतिम व वंचित व्यक्तियों का सपना पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। जिनके पास अपना घर नहीं है, उन्हें अपना घर मिले, इसकी चिंता भी सरकार कर रही है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी युवा और नारी शक्ति को और सशक्त कर रही है। सरकार का लक्ष्य गांव के गरीब से शहर की झुग्गी-झोपड़ी तक सरकार की योजनाएं पहुंचाने का है। इस अवसर पर सरपंच सन्दीप कुमार चेयरपर्सन प्रतिनिधि प्रवीण कुमार, वाइस चैयरमैन विक्रम सिंह, तालाब व जल प्राधिकरण सदस्य रमेश शर्मा, भाजपा नेता रामपाल यादव, सुरेंद्र सिंह पूर्व सरपंच, सरोज यादव, सुमेर सिंह, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

### योजनाओं का लाभ पहुंचाना ध्येय: यशवंत

*यशवंत भारद्वाज ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा उन लोगों तक पहुंचने का एक बड़ा माध्यम बन गई है जो अब तक सरकारी योजनाओं से नहीं जुड़ पाए हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई पात्र व्यक्ति किसी वजह से सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पाए हैं तो वह अब इस यात्रा के दौरान अपने गांव में ही आवेदन कर योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।*

### हज यात्रा के लिए आवेदन करने का अंतिम दिन आज

**रेवाड़ी।** अखिल भारतीय हज कमेटी ने वर्ष 2024 के दौरान प्रदेश से हज जाने के इच्छुक हज यात्रियों के पंजीकरण के लिए हरियाणा राज्य हज कमेटी के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए हैं। हज यात्रा करने के इच्छुक हज यात्री 20 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि हज नीति 2024 के अनुसार महिला व 70 वर्ष से अधिक आयु के आवेदक के साथ यदि दोबारा से कोई नजदीकी रिश्तेदार जाना चाहता है तो उसे अतिरिक्त राशि अदा करने पर ही यात्रा की अनुमति दी जाएगी। हज नीति 2024 के अनुसार 70 वर्ष की आयु से अधिक आवेदक को प्राथमिकता दी जाएगी।

- **हज यात्रा करने के इच्छुक हज यात्री 20 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है**

### आज सुबह व शाम के सत्र में गांवों में पहुंचेंगे प्रचार वाहन

**रेवाड़ी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद के नोडल अधिकारी एवं एडीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि 20 दिसंबर को यात्रा के चार प्रचार वाहन प्रातः 10 बजे व सायं 3 बजे से गांवों में पहुंचकर लोगों को लाभांवित करेंगे। प्रचार वाहन नंबर-1 गांव लाधूवास गुर्जर में प्रातः कालीन सत्र व कोनसीवास में सायं कालीन सत्र, प्रचार वाहन नंबर-2 गांव चौकी नंबर-1 में प्रातः कालीन सत्र व भड़ंगी में सायं कालीन सत्र, प्रचार वाहन नंबर-3 गांव भटसाना में प्रातः कालीन सत्र व गांव खिजूरी में सायं कालीन सत्र तथा प्रचार वाहन नंबर-4 गांव ढाणी ठेठरबाद में प्रातः कालीन सत्र व ढाणी जरावत में सायं कालीन सत्र में पहुंचेंगे।

# मेंटीनेस कार्य के कारण सात घंटे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**कोसली।** बिजली निगम के गांव कृष्ण नगर स्थित 220 केवी पावर स्टेशन में 20 दिसंबर को मरम्मत कार्य किया जाएगा, जिसके कारण सब डिवीजन नाहड़ के अन्तर्गत आने वाले 22 गांवों की विद्युत आपूर्ति प्रातः 9 से सायं 4 बजे तक बाधित रहेगी। नाहड़ बिजली निगम के एसडीओ रोहित कुमार व कनिष्ठ अभियंता विक्रम सिंह ने बताया कि मेंटीनेंस कार्य के कारण 33 केवी झाड़ौदा, बिसोहा व नेहरूगढ़ पावर हाउस के अधीन गांव झाडौदा, खेड़ी, भगवानपुर, रामगढ़, नांगल, लिसान, दखोरा, नेहरूगढ़, लूखी नाहड़ की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

# विज्ञान मेले में बच्चों ने चित्रकला से दिखाई प्रतिभा

*रेवाड़ी। राजकीय माध्यमिक विद्यालय डूंगरवास में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से जीत एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी की ओर से तीन दिवसीय विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। मेले में छात्र-छात्राओं ने वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं चित्रकला में भाग लिया। चित्रकला में बच्चों ने वायु प्रदूषण, मानव शरीर संरचना व एनर्जी प्लांट के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्याध्यापिका बबिता यादव, बीरेंद्र यादव, भूपेन्द्र, सुरेश यादव, सीमा शर्मा एवं शशि यादव उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने मेघा, ईशा, वंशिका, विकास कुमार, कल्पिता, केशव व हर्ष को मेडल और प्रशस्ति पत्र वितरित किए। मुख्याध्यापिका ने बच्चों को चंद्रयान-3 के बारे में भी जानकारी दी।*


रेवाड़ी। कार्यक्रम में अपनी चित्रकला दिखाते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

# सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाई

**रेवाड़ी।** अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि 16 दिसंबर से बढ़ाकर 20 दिसंबर कर दी गई है। आवेदक की ओर से 22 से 24 दिसंबर तक त्रुटि सुधार किया जा सकता है। सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए 21 जनवरी 2024 को प्रस्तावित परीक्षा की तिथि में भी बदलाव किया गया है। यह प्रवेश परीक्षा अब 28 जनवरी 2024 को होगी। सैनिक स्कूल उप-प्राचार्या विंग कमांडर सुनैना चाहार बताया कि आवेदन प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

# निबंध लेखन प्रतियोगिता में अंजलि बनी विजेता


रेवाड़ी। विजेताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ›› रेवाड़ी

दिल्ली रोड पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में कक्षा आठवीं से ग्यारहवीं के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने मेंटल हेल्थ की इंपोर्टेंस को दर्शाया। प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं से अंजली ने प्रथम, कक्षा आठवीं से भाविका व प्राची वालिया ने द्वितीय,कक्षा नौवीं से सारिका और कक्षा ग्यारहवीं से तमन्ना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह दहिया ने विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# पदक जीतने पर संजय व किरणदीप हुए सम्मानित

- **दृढ़सकल्प, लगन व मेहनत ही जीवन में सफलता का मूल मंत्र**

हरिभूमि न्यूज ›› रेवाड़ी

नई दिल्ली प्रगति मैदान में खेल एवं युवा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से आयोजित हुई ऑल इंडिया डैड लिफ्टिंग प्रतियोगिता में जिले के गांव जलियावास निवासी संजय पहलवान ने 100 किलोग्राम भार वर्ग की दिव्यांग श्रेणी में 220 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक हासिल किया है। गांव उष्मापुर जिला के किरणदीप सिंह ने 82.5 किलोग्राम भार वर्ग की जनरल श्रेणी में 250 किलोग्राम वजन उठाकर रजत पदक हासिल किया। पदक विजेता दोनों खिलाड़ियों को मंगलवार को एशियन बॉडी बिल्डिंग एवं फिसीक स्पोर्टस फैडरेशन के महानिदेशक अमित स्वामी ने सम्मानित किया।


रेवाड़ी। संजय व किरणदीप को सम्मानित करते अमित स्वामी। फोटो :हरिभूमि

इस अवसर पर स्वामी ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और लगन से इलाके व प्रदेश को गौरवांवित किया है। उन्होंने कहा कि दृढ़सकल्प, लगन व मेहनत ही जीवन में सफलता का मूल मंत्र है। दोनों खिलाड़ी इसी मेहनत व लगन से भविष्य में अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक अर्जित करके देश का मान बढ़ायेंगे।